NILAMBER-PITAMBER UNIVERSITY
MEDININAGAR, PALAMU – 822101

सेवा में,

समस्त अंगीभूत एवं संबंद्ध महाविद्यालय/प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक,
नीलाम्बर–पीताम्बर विश्वविद्यालय
मेदिनीनगर, पलामू, झारखण्ड।

महोदय,

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार COVID-19 के दृष्टिगत सत्र 2019-2020 के अंतिम वर्ष की वार्षिक परीक्षाओं का संचालन 14.09.2020 से प्रारंभ होगी। परीक्षा संचालन हेतु राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के दिशा–निर्देश को अनुपालन करना अनिवार्य किया गया है ।

अतः विश्वविद्यालय द्वारा निम्नवत् परामर्श जारी किया जा रहा है, जिसका अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे :–

1. प्रत्येक परीक्षार्थी/संस्थान के कर्मियों को परीक्षा के अवधि में मास्क से अपना नाक–मुँह ढ़क कर रखना अनिवार्य होगा ।

2. प्रत्येक परीक्षार्थी एवं कक्ष विक्षको/कर्मचारियों आदि को संस्थान में प्रवेश के समय थर्मल–स्कैनिंग करने एवं सामान्य तापमान वाले छात्रों/कर्मचारियों को ही प्रवेश दिया जायेगा।

3. वैसे छात्र जिनको तापमान सामान्य से अधिक हो अथवा उन्हें खाँसी, छींक, बुखार आदि आ रही है तो उन्हे सबसे अंत में संस्थान में अलग–अलग परीक्षा देने की सुविधा/व्यवस्था सुनिश्चित करना होगा।

4. परीक्षा केन्द्र पर सोशल–डिस्टेंशिंग का पालन हेतु 2–2 मीटर की दूरी पर छात्रों को क्रमबद्ध करते हुए संस्थान में थर्मल–स्कैनिंग एवं हैंड सेनेटाईजर के उपचार के उपरान्त ही प्रवेश दिया जायेगा।

5. संस्थान में हैंड सेनेटाईजर उपचार हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी, साबुन की व्यवस्था अथवा हैंड सेनेटाईजर (80% से अधिक अल्कोहल वाले उत्पाद) की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखनी होगी।

6. परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों की संख्या के दृष्टिगत केन्द्राधीक्षक परिस्थिति अनुरूप परीक्षा–कक्ष में छात्रों का प्रवेश 30/45/60 मिनट पूर्व कराना सुनिश्चित करेंगे।

7. परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा शुरू होने के लगभग 1 घंटा पूर्व केंद्र पर उपस्थिति अनिवार्य होगा, जिससे उनका आवश्यक थर्मल–स्कैनिंग, सेनेटाईजेशन एवं जाँच सुनिश्चित किया जा सके।

आदित्य

Scanned by CamScanner

8. परीक्षा केंद्रों का संस्थान द्वारा प्रत्येक परीक्षा दिवस को परीक्षा से पुर्व एवं परीक्षा के पश्चात् परीक्षा–कक्ष एवं आवागमन वाले क्षेत्रों को पर्याप्त रूप से सेनेटाईजेशन कराना अनिवार्य होगा।

9. परीक्षा कक्ष में दो छात्रों के बैठने की सुनिश्चित दूरी बनाकर रखना संस्थान की जिम्मेवारी होगी जिससे एक ही संस्थान पर भीड़ जैसी स्थिती उत्पन्न न हो जाए। यथासंभव बड़े हॉल परीक्षा के लिए प्रयुक्त किया जाए तत्पश्चात् अन्य कक्षों का उपयोग किया जाए।

10. ऐसे छात्र जिनका निवास स्थान हॉट–स्पॉट परिक्षेत्र में स्थित हो ऐसे सभी परीक्षार्थियों के लिए छात्र का प्रवेश–पत्र ही पास के रूप में मान्य होगा।

02/09/2020

(डा0 सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय)
परीक्षा नियंत्रक
नीलाम्बर–पीताम्बर विश्वविद्यालय
मेदिनीनगर, पलामू।

Controller of Examinations
Nilamber Pitamber University
Medininagar, Palamu

आदित्य

Scanned by CamScanner